NT>

Title: Requests the Central Government to allocate funds to restore Gurari Sugar Mills of Bihar State Sugar Corporation Limited.

श्री कृष्ण कुमार चौधरी (गया): अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान गया संसदीय क्षेत्र के तहत बिहार स्टेट शुगर कॉरपोरेशन लिमिटेड की गुरारी शुगर मिल की बदहाली की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं। बिहार सरकार की उपेक्षा और उदासीनता की वजह से मौडर्नाइजेशन के नाम पर विगत सात वर्षों से यह चीनी मिल बंद पड़ी है और वहां के शासक, वहां के कर्मचारियों के वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। सभी कर्मचारी भुखमरी के कगार पर आकर खड़े हो गए हैं। मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग करता हूं कि गुरारी चीनी मिल को तुरंत चालू किया जाए। सारी मशीन सही सलामत स्थिति में हैं। सरकार द्वारा थोड़ी सी राशि खर्च करके उस गुरारी शुगर मिल को चालू किया जा सकता है।